>

Title: Need to construct a bridge over river Ganga at Chirai village in Varanasi district, Uttar Pradesh.

श्री रामकिशुन (चन्दौली): सभापति महोदय, उत्तर प्रदेश के जनपद वाराणसी में राष्ट्रीय नदी गंगा से चारों तरफ से घिरे धार क्षेतृ में गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है खास तौर से जब वहां बाढ़ आती है। अभी गंगा में बाढ़ है। एक उपधारा अवैध खनन के चलते बन गई है जिससे करीब 10 हजार से लेकर 25 हजार के बीच की आबादी और दो दर्जन गांव उन दो धाराओं के बीच में घिर जाते हैं और 5-6 महीने उनका पूरी तरह से आवागमन बंद हो जाता है। वहां बिजली के कनैक्शन रोक दिये जाते हैं। अस्पताल आदि में डॉक्टर जाना बंद कर देते हैं। जो प्राइमरी स्कूल होते हैं, मिडिल स्कूल हैं, वहां शिक्षक भी नहीं पहुंच पाते हैं। मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि जो एक तरह से चिरई गांव ब्लॉक का क्षेतृ समुद्री टापू के क्षेतृ जैसा हो जाता है जिसमें लगभग आधा दर्जन गांव मुस्तफाबाद, रंचंदीपुर, मोकलपुर, गुबराह, छितौनी, गंगाधरपुर और धराधरपुर जैसे गांव हैं। अवैध खनन से भी जो उपधारा है, उसके अवैध खनन से उसमें गहराई और चौड़ाई बढ़ती जा रही है। उस अवैध खनन को रोका जाए और हमेशा आवागमन को चालू करने के लिए हमारी भारत सरकार से मांग है कि उस क्षेतृ में एक पुल का निर्माण हो क्योंकि यह राष्ट्रीय नदी है, कटान हो रहा है, इतने लोग वहां रहते हैं और बरसात के दिनों में वहां आवागमन बंद हो जाता है। गंभीर बीमारियां होती हैं। लोगों का इलाज न होने के कारण दम निकल जाता है, मृत्यु हो जाती है। इसलिए मेरी सरकार से मांग है कि केन्द्रीय सहायता राशि से गंगा नदी की उपधारा में धार क्षेतृ में एक पुल निर्माण कराए जाने की मांग करता हूं। धन्यवाद।